2022-23 रबी विपणन मौसम में चना की सरकारी ख़रीद में चार गुना उछाल

भारत में सरकारी एजेंसियों द्वारा चना की ख़रीद में 2022-23 रबी विपणन मौसम के दौरान चार गुना उछाल आया है। कृषि लागत और मूल्य आयोग (सी ए सी पी) ने बताया है कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) के आँकड़ों के अनुसार, 2021-22 रबी विपणन मौसम में 6.31 लाख मीट्रिक टन के मुकाबले 2022-23 रबी विपणन मौसम में 30 जून, 2022 तक चना की कुल 25.54 लाख मीट्रिक टन सरकारी ख़रीद की गई है।

सी ए सी पी ने अपनी 'रबी फ़सलों की मूल्य नीतिः 2023-24 विपणन मौसम' में उल्लेख किया है कि रबी विपणन मौसम 2021-22 में चने की कुल ख़रीद उत्पादन का 5.7% थी। 2022-23 रबी विपणन मौसम में, चने की सरकारी ख़रीद कुल उत्पादन का लगभग 19.3% हो गई है।

पिछले साल की तुलना में 2022-23 रबी विपणन मौसम में चने की सरकारी ख़रीद में चार गुना से अधिक की वृद्धि देखी गई है। मसूर के मामले में, 2022-23 रबी विपणन मौसम में कोई सरकारी ख़रीद दर्ज नहीं की गई है क्योंकि बाज़ार भाव इसके न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी) से अधिक रहे हैं।

प्रतिशत के रूप में कुल उत्पादन में सरकारी ख़रीद का हिस्सा उत्तर प्रदेश में 3.3% से लेकर तेलंगाना में 28.7% तक था। सी ए सी पी ने कहा कि 2022-23 रबी विपणन मौसम में अखिल भारतीय सरकारी ख़रीद 19.3% दर्ज की गई है, जो उत्पादन के 25% की मौजूदा ख़रीद सीमा से बहुत कम है।

सी ए सी पी का कहना है कि 2022-23 रबी विपणन मौसम के दौरान 11.8 लाख किसानों (30 जून, 2022 तक) से दालों की सरकारी ख़रीद की गई है, जबकि पिछले मौसम में यह संख्या 4 लाख थी। जहां तक चना की सरकारी ख़रीद का संबंध है, वर्तमान विपणन मौसम में महाराष्ट्र में लाभार्थियों की संख्या सबसे अधिक है, इसके बाद गुजरात और मध्य प्रदेश का स्थान है।

प्रमुख उत्पादक राज्यों में चना और मसूर की ख़रीद (मीट्रिक टन में)

फ़सल	**राज्य**	**2020-21 रबी विपणन मौसम**	**2021-22 रबी विपणन मौसम**	***2022-23 रबी विपणन मौसम**
चना	तेलंगाना	47,600 (23.9%)	16,700 (7%)	58,500 (28.7%)
	राजस्थान	6,15,700 (23.2%)	17,500 (0.8%)	2,98,700 (12%)
	महाराष्ट्र	3,70,700 (16.6%)	219,000 (9.1%)	6,86,600 (22.1%)
	आंध्र प्रदेश	1,27,900 (22.9%)	10,100 (1.9%)	71,800 (13.7%)
	मध्य प्रदेश	7,06,300 (25.9%)	194,400 (6%)	8,02,000 (24.8%)
	गुजरात	1,24,000 (19.5%)	151,400 (11.8%)	5,36,200 (25%)
	हरियाणा	10,600 (22.5%)	0	1,200 (3%)
	उत्तर प्रदेश	38,500 (4.5%)	0	25,900 (3.3)
	कर्नाटक	1,01,800 (15.1%)	22,000 (4.9%)	73,800 (10.7%)
	कुल भारत	21,43,300 (19.3%)	6,31,200 (5.7%)	25,54,700 (19.3%)

मसूर	मध्य प्रदेश	1,400 (0.5%)	200	0
	उत्तर प्रदेश	0	0	0
	कुल भारत	1,400 (0.1%)	200 (0%)	0

[नोटः *30 जून, 2022 को

कोष्ठक में दिए गए आँकड़े प्रतिशत में राज्य में कुल उत्पादन की ख़रीद को दरसातें हैं।

स्रोतः भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड)]

2023-24 रबी विपणन मौसम के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम एस पी)

फ़सल	2023-24 (रुपए/क्विंटल)	2022-23 के लिए एम एस पी (रुपए/क्विंटल)	बढ़ौतरी (रुपए/क्विंटल)	बढ़ौतरी प्रतिशत में
चना	5,335	5,230	105	2%
मसूर	6,000	5,500	500	9.1%